Ghaziabad News: नकली खाद बनाकर देश की मिट्टी को बना रहे थे बंजर, फैक्ट्री संचालक पर कृषि विभाग दर्ज कराएगा FIR

साहिबाबाद, जागरण संवाददाता। लोनी अफजलपुर गांव के जंगल में संचालित अवैध फैक्ट्री में बन रही खाद देश की मिट्टी को बंजर बना रही थी। खाद बनाने के लिए रासायनिक रंग, नमक, गेरू, बदरपुर सहित अन्य केमिकल का प्रयोग हो रहा था। इससे फसल को नुकसान और कृषि भूमि बंजर हो रही थी।

यह खाद उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखंड सहित अन्य प्रदेशों में बेची जा रही थी। कृषि विभाग फैक्ट्री संचालक के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराएगा।

कट्टों पर लिखे थे नामी कंपनियों के नाम
जिन कट्टों में खाद पैक किया जा रहा था उन पर इफ्को, आइपीएल, चंबल फर्टिलाइजर, मैजिक इंडिया, यारा आदि नामी कंपनियों के नाम लिखे थे। बृहस्पतिवार को कृषि विभाग ने इन सभी कंपनियों से संपर्क कर इसकी जानकारी की।
कीटनाशक दवा भी नकली
जिला कृषि अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि आरोपितों के पास गन्ने की फसल में लगने वाली पेटेंट ब्रांड नकली कीटनाशक बनाई जा रही थी। इससे कीट नहीं मरते थे
Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/ghaziabad-ncr-ghaziabad-news-country-s-soil-was-being-made-barren-by-making-fake-fertilizers-23294029.html